Series &RQPS

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **366**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# प्रारंभिक शिशु देखभाल व शिक्षा

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **21** प्रश्न हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (5 + 16) = 21 प्रश्नों में से उम्मीदवार को 2 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (5 + 10) = 15 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (24 अंक) :*

*(a) इस खण्ड में **5** प्रश्न हैं ।*

*(b) कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (26 अंक) :*

*(a) इस खण्ड में **16** प्रश्न हैं ।*

*(b) उम्मीदवार को **10** प्रश्न करने हैं ।*

*(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड क

## (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) (24 अंक)

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) संचार में ___________ महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे पता चलता है कि प्राप्तकर्ता ने संदेश को समझा है या नहीं ।

(ii) ___________ से प्रभावित व्यक्ति में चिंता, अवसाद और शर्मीलेपन की प्रवृत्ति दिखाई देती है ।

(iii) _________ एक मानसिक दृष्टिकोण है जो सकारात्मक और वांछित परिणाम दे सकता है ।

(iv) _________ एक ऐसी स्प्रेडशीट है जिसमें एक या एक से अधिक वर्कशीट होती हैं ।

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **21** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

*(iii)* ***Section A** has Objective type questions whereas **Section B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given (5 + 16) = 21 questions, a candidate has to answer (5 + 10) = 15 questions in the allotted (maximum) time of 2 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A** : Objective Type Questions (24 marks) :*

*(a)* *This section has **5** questions.*

*(b)* *There is no negative marking.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B** : Subjective Type Questions (26 marks) :*

*(a)* *This section has **16** questions.*

*(b)* *A candidate has to do **10** questions.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## Section A

**(Objective Type Questions)** **(24 Marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) In communication, ____________ is important as it helps in knowing whether the receiver has understood the message or not.

(ii) Person suffering from _______ shows a tendency towards anxiety, depression and shyness.

(iii) ___________ is a mental attitude that can lead to positive and desirable outcomes.

(iv) A ___________ is a spreadsheet that has one or more worksheets.

(v) ऐसा व्यक्ति जो ग्राहकों की आवश्यकता को पहचान कर उनके लिए उत्पाद या सेवाओं का सृजन करे, उसे _________ उद्यमी कहते हैं ।

(vi) _________ वर्कर वह है जो अर्थव्यवस्था के पर्यावरण क्षेत्रों में कार्यरत है ।

**2.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) नाटकीय खेल बच्चे के कौन-से विकास के लिए आवश्यक है ?

(A) शारीरिक विकास (B) मानसिक विकास

(C) सामाजिक-भावनात्मक विकास (D) आध्यात्मिक विकास

(ii) विकास के भौतिक मील के पत्थर ___________ के विकास के बारे में बताते हैं ।

(A) सकल मोटर कौशल (B) सकल व सूक्ष्म (फाइन) मोटर कौशल

(C) सूक्ष्म (फाइन) मोटर कौशल (D) इनमें से कोई नहीं

(iii) बाल मंदिर है ____________ ।

(A) पूजा का स्थान (B) रहने का स्थान

(C) खेलने का स्थान (D) आराम करने का स्थान

(iv) लिखित व मौखिक शब्दों को आकस्मिक तथा अनौपचारिक रूप से जोड़ने को क्या कहते हैं ?

(A) देखकर पढ़ना (B) मौखिक रूप से पढ़ना

(C) चुपचाप पढ़ना (D) ऊँचे स्वर में पढ़ना

(v) बच्चों को अपने संवेगात्मक अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा उपाय कौन-सा है ?

(A) उन्हें कहानियाँ सुनाएँ

(B) 'सर्कल टाइम इन्टरैक्शन' का प्रयोग करें

(C) मूड कार्डस का प्रयोग करें

(D) उनकी शब्दावली को समृद्ध करें

(vi) भावनात्मक अनुभवों के उतार-चढ़ाव के माध्यम से हमारे विचारों और व्यवहार को सचेत रूप से विनियमित करने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) आत्म-नियमन (B) दूर नियन्त्रण प्रणाली

(C) दृढ़ता (D) इनमें से कोई नहीं

(v) One who identifies the needs of customers and creates products or services to serve them is a/an __________ entrepreneur.

(vi) ___________ worker is one who is employed in the environmental sectors of the economy.

**2.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Dramatic play is essential for which development of a child ?

(A) Physical development (B) Mental development

(C) Socio-emotional development (D) Spiritual development

(ii) The physical milestones of development explain the development of ___________ .

(A) Gross motor skills (B) Gross and fine motor skills

(C) Fine motor skills (D) None of the above

(iii) Bal Mandir is a ___________.

(A) Place of worship (B) Place to stay

(C) Place to play (D) Place to relax

(iv) The incidental and informal way of linking the written and spoken words is called :

(A) Sight reading (B) Oral reading

(C) Quiet reading (D) Loud reading

(v) What is the best way of encouraging children to share the management of their own emotional experiences ?

(A) Tell them stories

(B) Have circle time interaction

(C) Use mood cards

(D) Enrich their vocabulary

(vi) What is the process of consciously regulating our thoughts and behaviours through the troughs and crests of emotional experiences called ?

(A) Self-regulation (B) Remote control

(C) Perseverance (D) None of the above

**3.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य 4 से संबंधित ***नहीं*** है ?

(A) अच्छा काम और आर्थिक विकास
(B) लक्ष्यों के लिए साझेदारी
(C) असमानताओं में कमी
(D) शून्य भूख

(ii) __________ स्कूल में कक्षा को 'तीसरा शिक्षक' कहा जाता है ।

(iii) प्रारंभिक वर्षों में संख्यात्मक कौशल पर जोर देने से ____________ की क्षमता विकसित करने में मदद मिलती है ।

(A) सूचना प्रसंस्करण (B) तर्क करने
(C) निर्णय लेने (D) आलोचनात्मक सोच

(iv) मस्तिष्क क्षेत्र का वह भाग जो संख्याओं की पहचान के लिए समर्पित है, किस लोब की पार्श्व सतह पर स्थित है ?

(A) फ्रन्टल लोब (B) टेम्पोरल लोब
(C) पैराइटल लोब (D) ऑक्सीपीटल लोब

(v) अपने से भिन्न किसी व्यक्ति के चरित्र व व्यवहार के अनुकरण (नकल करने) की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) रोल प्ले (B) ड्रामा
(C) संवेगात्मक ड्रामा (D) अभिनय

(vi) मास्लो के पदानुक्रम (hierarchy) सिद्धांत का अन्तिम चरण कौन-सा है ?

(A) प्यार व अपनापन (B) सुरक्षा की आवश्यकताएँ
(C) सम्मान की आवश्यकताएँ (D) आत्म-संतुष्टि की आवश्यकताएँ

**4.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) संज्ञानात्मक विकास को परिभाषित कीजिए ।

(ii) _________ ने अपनी माता के गानों (मदर साँग्स) की पुस्तक संकलित करने में कई वर्ष लगाए ।

**3.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Which out of the following goals is ***not*** related to sustainable developmental goal 4 ?

(A) Decent work and economic growth

(B) Partnership for goals

(C) Reduce inequalities

(D) Zero hunger

(ii) The classroom is referred to as the 'third teacher' in ________ schools.

(iii) Emphasis on numerical skills in early years helps to nurture traceability of _________ .

(A) information processing (B) reasoning

(C) decision-making (D) critical thinking

(iv) The part of the brain area which is dedicated to recognize numbers is located on the lateral surface of which lobe ?

(A) Frontal lobe (B) Temporal lobe

(C) Parietal lobe (D) Occipital lobe

(v) The act of imitating the character and behaviour of someone who is different from yourself is called ___________ .

(A) Role play (B) Drama

(C) Emotional drama (D) Acting

(vi) What is the last level in Maslow's hierarchy theory ?

(A) Love and belongingness (B) Safety needs

(C) Esteem needs (D) Self-actualization needs

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Define cognitive development.

(ii) _________ spent many years in compiling his own book on mother songs.

(iii) किस अवस्था में बच्चा इंद्रियों के माध्यम से अपने आस-पास की दुनिया की प्रारंभिक समझ प्राप्त करता है ?

(A) सेंसोरीमोटर स्टेज  (B) प्रीऑपरेशनल स्टेज

(C) कान्क्रीट ऑपरेशनल स्टेज  (D) फॉर्मल ऑपरेशनल स्टेज

(iv) अभिव्यंजक भाषा विकार में निम्न में से क्या शामिल है ?

(A) अनुकूल वातावरण का अभाव

(B) शब्दों और काल का ग़लत उपयोग

(C) हकलाना

(D) तुतलाना

(v) मॉक ड्रिल को परिभाषित कीजिए ।

(vi) बस अटेंडेंट माता-पिता से चर्चा कर बच्चे का एक दिन का रूट बदल सकता है । (सही/ग़लत)

**5.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा 4 से 5 वर्ष के बच्चे के लिए मील का पत्थर ***नहीं*** है ?

(A) वास्तविक और काल्पनिक दुनिया के बीच अंतर कर सकता है

(B) नियमों का पालन करता है

(C) मैत्री कौशल विकसित करता है

(D) सरल आकार की पहचान करता है

(ii) रेजियो एमिलिया के अनुसार कक्षा में शिक्षक ________ और _______ दोनों है ।

(iii) बच्चों की शिक्षा में किंडरगार्टन की अवधारणा कौन लाया ?

(A) फ्रोबेल  (B) गाँधी

(C) मारिया मॉन्टेसरी  (D) रवींद्रनाथ टैगोर

(iv) कला स्वयं को अभिव्यक्त करने का सबसे उत्तम तरीका है । (सही/ग़लत)

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा भावनात्मक (emotional) बुद्धिमत्ता का घटक ***नहीं*** है ?

(A) स्व-नियमन  (B) आत्म-जागरूकता

(C) आत्म-प्रबंधन  (D) सामाजिक जागरूकता

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा छोटे बच्चों के लिए बसों पर लागू ***नहीं*** होता है ?

(A) सीट बेल्ट उपलब्ध कराएँ

(B) बस में इलेक्ट्रीशियन

(C) प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का प्रावधान

(D) बस अटेंडेंट रखें

(iii) At which stage through the senses, does the child gain elementary understanding of the world around him ?

(A) Sensorimotor stage (B) Preoperational stage

(C) Concrete operational stage (D) Formal operational stage

(iv) Expressive language disorder involves :

(A) Environment which is not conducive

(B) Incorrect use of words and tenses

(C) Stammering

(D) Lisping

(v) Define mock drill.

(vi) The bus attendant can discuss with the parents and change the route of the child for a day. (True/False)

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Which of the following is ***not*** a milestone of 4 – 5-year-old child ?

(A) Can distinguish between real and imaginary world

(B) Follows rules

(C) Develops friendship skills

(D) Identifies simple shapes

(ii) According to Reggio Emilia, a teacher in the class is both a _________ and a __________.

(iii) Who brought the concept of kindergarten in young children's education ?

(A) Froebel (B) Gandhi

(C) Maria Montessori (D) Rabindranath Tagore

(iv) Art is the most effective way to express oneself. (True/False)

(v) Which of the following is ***not*** a component of emotional intelligence ?

(A) Self-regulation (B) Self-awareness

(C) Self-management (D) Social awareness

(vi) Which of the following does ***not*** apply to buses for young children ?

(A) Provide seat belts

(B) Electrician in the bus

(C) Provide first aid box

(D) Have a bus attendant

**खण्ड ख**

**(विषयपरक प्रकार के प्रश्न)** **(26 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

**6.** सक्रिय श्रवण के किन्हीं चार चरणों को विस्तार से बताइए ।

**7.** जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के चार लाभ बताइए ।

**8.** चार चरणों में बताइए कि आप लिब्रेऑफिस कैल्क पर कैसे काम करना शुरू करेंगे ?

**9.** उद्यमियों द्वारा अनुभव की जाने वाली चार सामान्य पर्यावरणीय बाधाओं का उल्लेख कीजिए ।

**10.** वर्षा जल संचयन क्या है ? जल संरक्षण के क्षेत्र में दो हरित नौकरियों का उल्लेख कीजिए ।

*दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर 20 – 30 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *4×2=8*

**11.** अहंकेंद्रवाद की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**12.** सहानुभूति (empathy) क्या है और जीवन में इसका क्या महत्त्व है ?

**13.** श्री अरविंद (ओरोबिन्दो) द्वारा बताए गए शारीरिक विकास के किन्हीं दो सिद्धांतों को लिखिए व प्रत्येक का एक-एक कार्य बताइए ।

**14.** ड्रॉइंग और पेंटिंग करने से बच्चों को होने वाले दो लाभ विस्तार से बताइए ।

**15.** शिक्षक और छात्र की अच्छी साझेदारी का अर्थ बताकर इसके दो लाभ बताइए ।

**16.** बच्चों को पढ़ाने की फ्रोबेल की बाल-केन्द्रित शिक्षण पद्धति को संक्षेप में समझाइए ।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर 50 – 80 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×4=12*

**17.** बच्चे के सीखने और विकास में खेल का महत्त्व समझाइए ।

**18.** गाँधीजी के अनुसार एक अच्छा शिक्षक कौन है ?

**19.** ऐसे चार तरीकों की व्याख्या कीजिए जिनसे शिशु संख्याओं की अपनी समझ प्रदर्शित करते हैं ।

**20.** बच्चों में सहानुभूति के विकास में सहायता के लिए कुछ तरीके समझाइए ।

**21.** भूकंप की स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों की सूची कारण देकर प्रस्तुत कीजिए ।

## Section B

**(Subjective Type Questions)** **(26 marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**6.** Elaborate any four stages of active listening.

**7.** State four advantages of maintaining a positive attitude towards life.

**8.** In four steps explain how you will start working on LibreOffice Calc.

**9.** Mention four common environmental barriers that are experienced by entrepreneurs.

**10.** What is rainwater harvesting ? Mention two green jobs in the area of water conservation.

*Answer any **4** out of the given **6** questions in 20 – 30 words each.* *4×2=8*

**11.** Describe any two characteristics of egocentrism.

**12.** What is empathy and what is its importance in life ?

**13.** Mention any two principles of physical development stated by Sri Aurobindo and give one function of each.

**14.** Elaborate two advantages that children get by drawing and painting.

**15.** What is meant by a good partnership between a teacher and a student and what are its two advantages ?

**16.** Explain in brief Froebel's child-centred pedagogy for children.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* *3×4=12*

**17.** State the importance of play in learning and development of a child.

**18.** As per Gandhiji, who is a good teacher ?

**19.** Elaborate four ways by which infants show their sense of numbers.

**20.** Explain some ways to support development of empathy in children.

**21.** List ways to ensure safety in case of earthquake, along with reasons for doing so.